पत्रांकः– 14/ए0एफ0–01/2019..– 898

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक 10/08/2021

विषयः– महेश प्रसाद सिंह स्नातक महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक–B/852 दिनांक 26.05.2021, पत्रांक– B/919 दिनांक 08.06.2021 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा–21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या–1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने महेश प्रसाद सिंह स्नातक महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के निम्न विषयों में सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे इस शर्त्त के साथ प्रदान की है कि विषयांकित महाविद्यालय मानक के अनुरूप पुस्तकें पूर्ण कर लेगा।

क्र0 सं0	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, अंग्रेजी, ऊर्दू, परसियन, संस्कृत, मैथिली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, गृह विज्ञान, संगीत, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र एवं गणित। (कुल 17 विषय)।
02	विज्ञान संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पतिशास्त्र एव गणित (कुल 05 विषयो में)।
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	एकाउन्टस, बिजनेस इनवॉरमेन्ट, कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन एवं बिजनेस फाइनांस (कुल 04 विषय)

निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तों को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय।

आगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदंड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ हीं, परिनियम में अंकित शर्त्तों/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन

9.8.21

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

AFfilation letter 2021